# आर्मी पब्लिक स्कूल, उधमपुर

## वार्षिक प्रतिवेदन (ANNUAL REPORT) 2023 - 24

**चंदन की खुशबू चौखट पर बिछाते हैं ,**

**पवित्र भाव से खुशी के दीप जलाते हैं ।**

**आए हैं आज अतिथि देव बनकर,**

**देव को हृदय से तिलक लगाते हैं।**

**सलामत रहे आपका ये उज्ज्वल व्यक्तित्व,**

**आप हमेशा इस**

**आँगन की शान बढ़ाते हैं I......2(Repeat)**

**आदरणीय मुख्य अतिथि महोदया Mrs. Ashima Dhillon , Chairperson , FWO , HQ 71 Sub Area**

**एवं विद्यालय प्रांगण में उपस्थित समस्त सम्मानित अभिभावकगण !**

**मैं संजीव कुमार , आर्मी पब्लिक स्कूल , उधमपुर की ओर से वार्षिक खेल दिवस पर आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ ।**

**आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए विशेष महत्त्व रखता है , क्योंकि यह दिन हमारी सालभर की मेहनत और उपलब्धियों को साझा करने का अवसर है।**

**सबसे पहले , मैं हमारे माननीय मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत करता हूँ , जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रमों से समय निकालकर हमारे वार्षिक खेल दिवस को गरिमा प्रदान की है। उनका यहाँ उपस्थित होना , हम सभी के लिए सम्मान की बात है। हमारा विद्यालय केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं , बल्कि खेलकूद , सांस्कृतिक गतिविधियों , और समाजसेवा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।**

यह सब हमारे मेहनती शिक्षकों , समर्पित छात्रों , और सहयोगी अभिभावकों के बिना संभव नहीं होता। आज के इस वार्षिक खेल दिवस में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति का मैं तहेदिल से स्वागत करता हूँ । हमारे संस्थान में लगभग 165 से अधिक स्टाफ सदस्यों की एक मजबूत टीम है, जो इस भाव से समर्पित और प्रेरित है कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हो ,अपनी ओर से सदैव सर्वश्रेष्ठ देते रहेंगे |

मैं वास्तव में आपके सामने हमारे स्कूल की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ और मैं इस शानदार यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने के लिए आप में से प्रत्येक को धन्यवाद देना चाहता हूँ ।

वार्षिक रिपोर्ट निस्संदेह हमारे स्कूल की उपलब्धियों और गौरव को दर्शाती है, लेकिन हमें अपनी कमियों के बारे में भी गहराई से सोचने पर मजबूर करती है। हम हमेशा स्कूल में ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं जो युवा दिमागों को खिलने में मदद करे और व्यक्तिगत सोच और बच्चे के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करे।

हम अपने लिए पहले लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उन्हें हासिल करने का निरंतर प्रयास करते हैं - चाहे वह शिक्षा , खेल , अनुशासन या अन्य क्षेत्र हो |

ध्यान रहे -

"सीखना रचनात्मकता देता है , रचनात्मकता सोच की ओर ले जाती है |
सोच ज्ञान प्रदान करती है और ज्ञान आपको महान बनाता है | "

मुझे बताते हुए अत्यंत हर्ष और आनंद की अनुभूति हो रही है कि आर्मी पब्लिक स्कूल, उधमपुर के विद्यार्थियों ने अपने अथक परिश्रम और प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया | कक्षा बारहवीं में पंकुश सिंह 98.8 % अंक प्राप्त कर उधमपुर ज़िले का टॉपर बना | बारहवीं में 158 छात्रों में से , 31 छात्रों ने 90 % और उससे अधिक अंक प्राप्त किये तथा 17 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 % (शत प्रतिशत) अंक प्राप्त किये |

मुझे यह सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि इस बार कक्षा बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा में APS UDHAMPUR ने जहां एक ओर उत्तरी कमान में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है तो वहीं दूसरी ओर अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी APS VERY LARGE CATEGORY में उपविजेता बनकर AWES द्वारा ट्रॉफी और 75000 नगद धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त किया।

वहीं दसवीं कक्षा में कामाख्या कमल ने 96.8 % अंक प्राप्त कर कक्षा दसवीं में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया | कक्षा दसवीं में 249 छात्रों में से , 42 छात्रों ने 90 % और उससे अधिक अंक प्राप्त किये तथा दो छात्रों ने AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) में 100% अंक प्राप्त किए |

शिक्षा में उत्कृष्टता किसी भी अच्छे संस्थान की पहचान होती है और स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे बिना किसी संदेह के साबित करते हैं कि हमारे छात्रों ने हमें गौरवान्वित किया है। इनमें से कोई भी उपलब्धि हमारे शिक्षकों की एकनिष्ठ प्रतिबद्धता और समर्पित देखभाल के बिना संभव नहीं होती। हमें माता-पिता और शुभचिंतकों द्वारा भी लगातार प्रोत्साहित किया जाता है , जिन्होंने बहुत आत्मविश्वास दिखाया है और अपना पूरा समर्थन दिया है। मैं हमारे प्रबंधन के प्रयासों और मार्गदर्शन को स्वीकार करना चाहता हूँ क्योंकि उनके सहयोग और योगदान ने हमें प्रेरित किया है |

आज इस मंच से आप सभी को सूचित करते हुए अपार प्रसन्नता का आभास हो रहा है कि हमारे विद्यालय के चार छात्रों करण पंडिता , श्रेया शर्मा , आयुष राणा और आतिश शर्मा ने एनडीए-152 बैच के लिए प्रवेश परीक्षा ( ENTRANCE EXAM ) उत्तीर्ण करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है | आप सब के आशीर्वाद सहित हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं |

इसी क्रम में NEET-2024 परीक्षा में विद्यालय की दो छात्राओं सानिया शर्मा तथा हिमानी ठाकुर ने सफलता प्राप्त कर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया| साथ ही सानिया शर्मा ने NEET-2024 में उधमपुर ज़िला टॉपर बनकर विद्यालय को गौरवान्वित किया |

**सत्य ही कहा है -**

**"जब चंद्रमा पर पैरों के निशान हों , तो हमें यह मत बताएं कि आकाश ही सीमा है "!**

**AWES उत्तरी कमान द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाता है और हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय के शिक्षक MR. MUNEESH CHOPRA को सत्र 2023-24 के लिए BEST PGT और Mrs. VANDANA JAMWAL को BEST PRT Of Northern Command बनने का गौरव प्राप्त हुआ |**

**हमारा मानना है कि-**

**"एक महान चैंपियन बनने के लिए आपको विश्वास होना चाहिए कि आप सर्वश्रेष्ठ हैं , यदि आप सर्वश्रेष्ठ नहीं हैं ; तो निरंतर कोशिश करते रहें।"**

**खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है और इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल की ओर से शिक्षा के साथ गेम्स एण्ड स्पोर्टस को विशेष प्राथमिकता दी जाती है। वर्तमान समय में NEP ( NEW EDU. POLICY ) के अंतर्गत खेल और शारीरिक फिटनेस हमारे पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमारे स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अनेक पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफियाँ जीतीं |**

**यह सूचित करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि हमारे विद्यालय में कक्षा पाँचवी की छात्रा मिराया शर्मा ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए महिला जिला शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया।**

**DISTRICT LEVEL INTER SCHOOL FENCING CHAMPIONSHIP में हमारे विद्यालय से 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उनमें से 19 विद्यार्थियों को इंटर डिस्ट्रिक्ट UT LEVEL FENCING CHAMPIONSHIP SGFI के लिए चुना गया है।**

**SHOOTING में हमारे स्कूल के छात्रों ने 2 स्वर्ण , 5 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किये वहीं DISTRICT LEVEL INTER ZONAL BADMINTON CHAMPIONSHIP में हमारे विद्यालय के 7 विद्यार्थी UT LEVEL CHAMPIONSHIP के लिए चुने गये |**

**इसी के साथ हमारे विद्यालय ने COMMAND LEVEL Sports Competitions में अपने परिश्रम और लगन को दर्शाते हुए विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया |**

**NORTHERN COMMAND INTER APS के मध्य हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत BADMINTON में हमारे विद्यालय के BOYS तथा GIRLS दोनों विजेता रहे , VOLLEYBALL CHAMPIONSHIP में लड़कियाँ विजेता रहीं | वहीं BASKET BALL में लड़कियाँ विजेता तथा लड़के उपविजेता रहे , HOCKEY में हमारे विद्यालय के लड़के विजेता रहे जबकि TABLE TENNIS में लड़के RUNNER-UP तथा लड़कियाँ 2nd RUNNER-UP रहीं एवं CRICKET में हमारा विद्यालय 2nd RUNNER-UP पर रहा |**

**इसके साथ ही यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि कैडेट अलंकृता शर्मा को अंडर -17 SGFI 68वें नेशनल स्कूल गेम्स फेंसिंग के लिए चुने जाने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए NCC के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह से विशेष सम्मान मिला | ध्यान रहे कि अलंकृता 3600 कैडेटों के बीच सम्मानित होने वाली एकमात्र जूनियर विंग कैडेट है |**

**हमारे विद्यालय में NCC का स्वर्णिम इतिहास रहा है। कैडेट कौस्तुभ शर्मा ने NCC प्रतियोगिताओं और नवाचार चुनौतियों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करते हुए असाधारण कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया।कौस्तुभ ने 3600 कैडेटों के बीच दूसरा स्थान हासिल कर खुद को प्रतिष्ठित किया और ADG NCC मेजर जनरल आर०के सचदेवा द्वारा पुरस्कार अर्जित किया। इसके अलावा आइडिया एंड इनोवेशन प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार जीता |**

**ठीक ही कहा गया है -**

**"यदि मन अत्यधिक उत्सुक हो तो सब कुछ हासिल किया जा सकता है, पहाड़ों को भी परमाणुओं से तोड़ा जा सकता है।"**

स्कूल की ओर से हर वर्ष Educational Tours और Field Trip का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों को Practical Exposure मिल सके। इसी कड़ी में इस बार हमारे विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्रों को IIT Jammu , IIM Jammu तथा SMVD Narayana Super Speciality Hospital Katra का भ्रमण करवाया गया |

किसी ने क्या खूब कहा है –

यदि आसमान छूना है तो नित नई उड़ान भरनी पड़ेगी ।

इस वर्ष भी एक नई पहल के रूप में विद्यार्थियों में Speaking तथा Writing skill को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारे स्कूल में प्रतिदिन Speaking तथा Writing skill की Activity (गतिविधि) करवाई जाती है जिससे छात्रों की भाषा में उम्मीद के मुताबिक सुधार देखने को मिला है।

हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो , इसको ध्यान में रखते हुए स्कूल में अनेक प्रकार की बौद्धिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं , जिसके अंतर्गत Science, Maths ,Cyber , English , Hindi , Olympiad , Quiz एवं Hindi और English Debate तथा Declamation आदि प्रमुख हैं, जिसमें विद्यार्थी अपनी बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय तथा अभिभावकों को गौरवान्वित करते आये हैं ,जो हम सब के लिए आत्मिक प्रसन्नता की बात है |

आपको शुरुआत करने के लिए महान होने की ज़रूरत नहीं होती ,

लेकिन आपका महान बनने के लिए शुरुआत करना ज़रूरी होता है ।"

छात्र क्या विषय चुनें या किस क्षेत्र में जाएँ , यह विद्यार्थी और अभिभावक के जीवन का बेहद संवेदनशील फैसला होता है। इस संदर्भ में विद्यालय की तरफ से कक्षा नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए विद्यालय में CAREER COUNSELLING कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया गया तथा अभिभावकों और विद्यार्थियों को अलग- अलग विषयों में संभावित Professional Fields के बारे में एक अग्रणी कैरियर परामर्श एजेंसी , VIOSA के सहयोग से विशेष Seminars का आयोजन कर उनका मार्गदर्शन किया गया |

किसी भी स्कूल के सर्वांगीण विकास के लिए जहां एक तरफ कुशल शिक्षकों और होनहार छात्रों की आवश्यकता होती है तो वहीं दूसरी तरफ़ Effective Teaching-learning प्रक्रिया के लिए बुनियादी ढांचे के Upgradation की भी आवश्यकता होती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष नव निर्माण के अंतर्गत Indoor shooting range , Amphitheatre stage , APS Senior तथा Junior wing में Synthetic play grounds ka निर्माण Reception Hall , Tuck Shop ,Bakery Point की स्थापना आदि शामिल हैं |

इसके साथ ही सभी Classrooms , Academic Blocks , Library आदि को पुनः Renovate करवाया गया | स्मार्ट क्लास परियोजना के तहत हमने अपनी सभी कक्षाओं को डिजिटल रूप से स्मार्ट कक्षाओं में बदल दिया है |

जिसमें सभी कक्षाओं के लिए Interactive Panels की खरीद के साथ Computer lab के लिए All in one computers , CCTV cameras आदि शामिल हैं | जो संसाधनों की पूर्ति कर स्कूल रुपी मंदिर की भव्यता को अलंकृत करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं |

सम्मानित अतिथिगण –

इस बार भी नया सत्र हमारे लिए नई सौगात लेकर आया था। जिसके फलस्वरूप परिवार के सभी सदस्यों का मन मयूर झूम उठा था। नई शिक्षा नीति के तहत AWES के दिशा निर्देशों के अनुसार ही DAPPS का APS उधमपुर में 1 अप्रैल 2024 को विलय हो गया था | तबसे उसका नाम बदलकर APS उधमपुर प्री प्राइमरी विंग कर दिया गया है।

यह रिपोर्ट वर्ष के दौरान उपलब्धियों और गतिविधियों के संदर्भ में हमारी प्रगति को प्रदर्शित करने का एक ईमानदार प्रयास है। इस यादगार अवसर पर जब हम गर्व और खुशी के साथ अपनी सफलता का वर्णन करते हैं, तो हम अपनी सभी उपलब्धियों को आर्मी पब्लिक स्कूल , उधमपुर नामक एक प्रतिबद्ध टीम के प्रतिबद्ध प्रयास के लिए समर्पित करना चाहते हैं।

**अंत में , मैं इन पंक्तियों के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहूँगा ,**

**पत्थर की बंदिश से भी , क्या बहती नदियाँ रुकती हैं ?**

**हालातों की धमकी से भी , क्या अपनी नजरें झुकती हैं ?**

**सद्कर्मों  से हर पन्ने पर , किस्मत लिखवाना पड़ता है,**

**जिसमें मशाल सा जज़्बा हो**

**वो दीप जलाना पड़ता है |......2 (Repeat)**

**धन्यवाद** **जय हिन्द |**